No. of Printed Pages : 8

ई.एच.डी.-7

05273

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2012

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

ई.एच.डी.-7 : हिन्दी भाषा की संरचना

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*
(कुल का 70%)

नोट : *खण्ड '**क**' में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। खण्ड '**ख**' **अनिवार्य** है।*

खण्ड - क

4x15=60

1. व्यंजन वर्णों की प्रमुख उच्चारणात्मक विशेषताओं पर उदाहरण सहित प्रकाश डालिए।

2. 'रूप' का तात्पर्य समझाते हुए 'रूपिम' तथा 'संरूप' के अंतर को स्पष्ट कीजिए।

3. हिन्दी के समास शब्दों का आप आंतरिक संबंधों की दृष्टि से किस प्रकार वर्गीकरण करेंगे ?

4. वाक्य किसे कहते हैं ? अर्थ के आधार पर वाक्यों का वर्गीकरण किस प्रकार किया जाता है ?

5. 'अन्विति' की *अवधारणा* को स्पष्ट कीजिए। हिंदी में अन्विति के प्रकारों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

6. 'शब्द का कार्य-*अर्थ* की प्रतीति कराना है'। इस कथन की व्याख्या करते हुए वाचक, लक्षक और व्यंजक शब्दों के अंतर को स्पष्ट कीजिए।

7. हिंदी में नाते-रिश्ते की शब्दावली पर एक निबंध लिखिए।

8. देवनागरी लेखन में वर्तनी संबंधी भूलें सामान्यत: किन कारणों से होती हैं? सोदाहरण समझाइए।

खण्ड - ख

9. उपयुक्त उदाहरण देते हुए ***किन्हीं चार*** पर टिप्पणी लिखिए। **4x5=20**

(a) 'ऐ' तथा 'औ' स्वरों के संस्वन

(b) हिंदी के व्युत्पादक प्रत्यय

(c) हिंदी के संज्ञा पदबंध की विशेषताएँ

(d) अल्पांग वाक्य

(e) विशेषण उपवाक्य के प्रकार

(f) हिंदी में तत्सम, तद्भव और अर्धतत्सम शब्द

(g) मुहावरों के अभिलक्षण और प्रकार

(h) देवनागरी में अनुस्वार का मानकीकरण

10. उपयुक्त शब्द चुनकर वाक्यपूर्ति कीजिए : **5x2=10**

(a) __________ ध्वनियाँ वे ध्वनियाँ हैं जो पहले भाषा में नहीं थीं पर बाद में अन्य भाषाओं के शब्दों के साथ आ गईं।

(व्यंजन / आगत / तत्सम)

(b) हिंदी को __________ प्रमुख बोली वर्गों में बाँटा जाता है।

(पाँच / सात / छह)

(c) वाक्य किसी भाव या मंतव्य को अपनी पूर्णता में व्यक्त करने वाली भाषा की सबसे __________ इकाई है।

(छोटी / बड़ी / विशाल)

(d) जिस वाक्य के दोनों उपवाक्य मुख्य हों उसे __________ कहते हैं।

(सरल / मिश्र / संयुक्त)

(e) दो या दो से अधिक शब्दों के मेल से बनें संयुक्त शब्द को __________ कहते हैं।

(संधि / समास / प्रत्यय)

11. कोष्ठक में दिए गए निर्देश के अनुसार दिए गए वाक्यों को बदलकर लिखिए : **5x2=10**

(a) (i) कल समारोह में मुझे पुरस्कार मिलेगा।

(ii) इस बात से मैं बहुत खुश हूँ।

(दोनों वाक्यों को मिलाकर एक मिश्र वाक्य लिखिए)

(b) हमारे प्रधानाध्यापक उस समारोह को संचालित करेंगे।

(रेखांकित शब्द के स्थान पर 'संचालन' का प्रयोग कीजिए)

(c) 'गाड़ी को दोष क्यों देते हो? यह बिलकुल ठीक है। तुम्हें ही ठीक से चलाना नहीं आता।'

(इस संदर्भ में उपयुक्त लोकोक्ति लिखिए)

(d) वह इतनी कठिन चढ़ाई नहीं चढ़ सकेगा।

(भाववाच्य में बदलिए)

(e) जो परिश्रम करता है वह सफल होता है।

(रेखांकित विशेषण उपवाक्य को विशेषण पदबंध में बदलिए)

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2012

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

बी.एच.डी.ई.-107 : हिन्दी भाषा की संरचना

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*
(कुल का 70%)

*नोट : खण्ड '**क**' में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। खण्ड '**ख**' **अनिवार्य** है।*

खण्ड - क

4x15=60

1. भाषा क्या है? इसे समझाते हुए भाषा की संरचनात्मक इकाइयों का उदाहरण सहित विवेचन कीजिए।

2. स्वर और व्यंजन ध्वनियों में अंतर स्पष्ट करते हुए स्वर ध्वनियों की उच्चारणात्मक विशेषताएँ बताइए।

3. पद और पदबंध में अंतर बताते हुए यह भी स्पष्ट कीजिए कि पदबंध के कितने प्रकार हैं और उनमें संज्ञा पदबंध की क्या भूमिका है?

4. वाक्य की परिभाषा स्पष्ट करते हुए वाक्य का अर्थगत वर्गीकरण उदाहरण सहित समझाइए।

5. हिन्दी की शब्दावली के विकास की प्रक्रिया के बारे में बताते हुए हिन्दी शब्दों का स्रोतगत वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए।

6. भाषा समुदाय का संक्षिप्त परिचय देते हुए सामाजिक स्तर-भेद के आधार को उदाहरण सहित समझाइए।

7. पारिवारिक और सामाजिक संरचना की संकल्पना स्पष्ट करते हुए हिन्दी के रिश्ते-नाते की शब्दावली को उदाहरण सहित समझाइए।

8. भाषा और लिपि का संबंध स्पष्ट करते हुए यह देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता पर विचार कीजिए।

खण्ड - ख

9. निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** पर उदाहरण सहित टिप्पणी कीजिए। **4x5=20**

(a) अर्ध तत्सम शब्द

(b) सर्वनाम शब्दों का सामाजिक संदर्भ

(c) कोड परिवर्तन

(d) हिन्दी भाषा की शैलियाँ

(e) पारिभाषिक शब्दावली

(f) प्रोक्ति

(g) क्रिया पदबंध

(h) बाह्यकेन्द्रित रचना

10. कोष्ठक में दिए सही शब्द चुनकर वाक्य की पूर्ति कीजिए। **5x2=10**

(a) जिन रूपिमों का प्रयोग स्वतंत्र रूप से नहीं होता, वे __________ कहलाते हैं।

(मुक्त रूपिम / बद्ध रूपिम)

(b) कर्ता, कर्म, पूरक __________ कोटियाँ कहलाती हैं।

(व्याकरणिक / प्रकार्यात्मक / संरचनात्मक)

(c) __________ वाक्य में केवल एक विधेय होता है।

(सरल / संयुक्त / मिश्र)

(d) संयुक्त वाक्यों में दो उपवाक्य अर्थ की दृष्टि से __________ होते हैं। (आश्रित / स्वतंत्र)

(e) विलोम शब्द __________ में प्रयुक्त होते हैं।

(समान संदर्भ / विषम संदर्भ)

11. दिए गए निर्देश के अनुसार बदलिए। 5x2=10

(a) मोहन पत्र लिखता है। (प्रेरणार्थक क्रिया में बदलिए, 'भाई' माध्यम है।)

(b) मोहन घर गया और उसने भोजन किया। (सरल वाक्य में बदलिए।)

(c) बाज़ार से खरीदी गई पुस्तक फट गई है। (मिश्र वाक्य में बदलिए।)

(d) शाम को मेरे घर आ जाना। (विनम्रताबोधक वाक्य में बदलिए।)

(e) बच्चों से खिड़की का शीशा टूट गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए।)